पेपर नं . ३

१. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर छः वाक्यों मे लिखिए । (१२)

१. राणी लक्ष्मीबाई की जीवन-लीला किस प्रकार समाप्त हुई ?

२. मित्र के आलिंगन से लेखक को धृतराष्ट्र की याद क्यों आई ?

३. अपने मैके से बैलों के भाग आने पर झूरी की पत्नी पर क्या प्रतिक्रिया हुई ?

४. सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ ?

५. परसाई श्री ने मिशनरी निंदकों की क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए । (६)

१. विश्वयात्री किस रास्ते से अमेरिका पहुँचनेवाले थे ?

२. सोमाबुआ को रोती देखकर राधा ने क्या कहा ?

३. पेशवा की नींद कब टूटी ?

४. धुमक्कड होना आदमी के लिए परम सौभाग्य की बात कैसे है ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । (२)

१. निंदा की प्रवृत्ति कब बढती जाती है ?

२. हिमपात से बचने के लिए रिचर्ड होम्स ने क्या किया था ?

३. धुमक्कडी की दिक्षा कौन ले सकता है ?

२. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर चार-पांच वाक्यों में लिखिए । (९)

१. रहीम याचकता को बुरा क्यों मानते हैं ?

२. आजादी मिलने के बाद अभी क्या करना शेष है ?

३. दोनें आने पर घर में क्या परिवर्तन आता है ?

४. सीता के स्वयंवर में आए हुए राजा उपहास के पात्र किस तरह बने ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों मे लिखिए । (६)

१. गुरु विश्वामित्र ने राम को क्या आदेश दिया ?

२. अकाल के कारण घर की क्या दशा हुई ?

३. सतपुडा के जंगल क्या सहन करते हैं ?

४. जसोदा बालकृष्ण के प्रति अपना स्नेह कैसे व्यक्त करती है ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए । (२)

१. लक्ष्मण को पंचवटी में किन का सत्संग मिला ?

२. दामिनी ने लाज क्यों छोड दी है ?

३. कवि किस डर की ओर संकेत करता है ?

(ड) काव्यपूर्ति कीजिए । (३)

सुनी मैं हरि आवन की ..... वेग मिलो महाराज ॥

३. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (४)

१. सिर के बल जाना ।

२. कलेजा थाम लेना ।

३. गले लगाना ।

(ब) निम्नलिखित कहावतों में से किन्हीं एक का अर्थ स्पष्ट कीजिए । (२)

१. सौ सुनार की एक लुहार की ।

२. निंदा सबद रसाल ।

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो की भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए । (१)

१. ताजा २. मनाना ३. लिखना

(ड) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विशेषण बनाइए । (१)

१. मोटा २. कुशल ३. लाल

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के कर्तृवाचक संज्ञाएँ बनाइए । (१)

१. निंदा २. सूचना ३. कहानी

(ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. बैर २. हरा ३. खास

(उ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के समानार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. आलोक २. गहना ३. वीर

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के लिंग पहचानिए । (१)

१. पल २. आवाज ३. आत्मा

(ए) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के लिंग परिवर्तन कीजिए । (१)

१. मर्द २. पडोसी ३. कवि

(ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो समासों के नाम बताइए । (१)

१. आजीवन २. पूजा-पाठ ३. गजानन

(ओ) निम्नलिखित शब्द-समूहों में से किन्हीं दो के एक-एक शब्द लिखिए । (१)

१. देवताओं का राजा । २. जिसकी सीमा न हो । ३. जो मिलना मुश्किल हो ।

(औ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पांच वाक्यों का सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए । (५)

१. यह किताब का दाम क्या है ? (वाक्य शुद्ध कीजिए)

२. मैंने अपना पुतला ही उसे दिया । (सामान्य वर्तमान काल में बदलिए)

३. 'परमार्थ' शब्द का अर्थ लिखिए ।

४. मीनाक्षी नीला से है । ('सुन्दर' के तुलना दर्शक रुप से पूर्ति कीजिए)

५. माता बेटे को कडवी दवा है । ('पीना' क्रिया का योग्य रुप लिखिए)

६. वे किसी का बुरा नहीं सोचते । (विधि वाक्य बनाइए)

७. स्त्री सुनकर स्तब्ध रह जाती है । (संयुक्त वाक्य बनाइए)

८. अच्छे लडके परिश्रमी होते हैं । (मिश्र वाक्य बनाइए)

४. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर २०० शब्दों में निबंध लिखिए । (१२)

१. निरक्षरता - एक अभिशाप ।

स्वराज्य में निरक्षरता शापरूप - निवारण के मार्ग - अनिवार्य नि:शुल्क शिक्षा - प्रौढ शिक्षा - 'साक्षरता अभियान' का सरकार का प्रयास - कठिनाईयाँ और निवारण के उपाय ।

२. एक बूढे नौकर की आत्मकथा ।

परिचय - बचपन और नौकरी - एक विशेष प्रसंग - सेवा - जीवन के विविध अनुभव - शेष जीवन।

३. मेरा भारत महान ।

पुराना भारत - देशवासी - ऋषिमुनि - भगवान के अवतार - प्राचीन राज - गुलामी - आज का भारत - समस्याएं - उपाय - भावी - अंत ।

४. आज का विद्यार्थी ।

प्रस्तावना - विद्यार्थी जीवन का महत्व - मानसिक स्तर - शारीरिक दुर्बलता - अन्य दुर्गुण - उज्जवल रूप - उपसंहार ।

(ब) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए और सीख भी लिखिए । (८)

१. एक आदमी - चोरी के अपराध में पकडा जाना - राजा से बीमार माँ को देखने की आज्ञा माँगना - लौटने की कसम - आज्ञा पाना - राजा की गुप्त व्यवस्था - चोर का वापस आना - न्याय - निर्दोष प्रमाणित - मंत्री बनाना ।

५. (अ) (१) निम्नलिखित विधानों की सुयोग्य पूर्ति के लिए दिये गए पर्यायों में से किसी एक को चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए । (२)

१. अंग्रेज सेनापति इस परिणाम पर पहुँच चुके थे, कि ...

- सारे विद्रोह की जान सिन्धिया है ।
- सारे विद्रोह की जान लक्ष्मीबाई है ।
- सारे विद्रोह की जान पेशवा है ।

२. धुमक्कड दुनिया की सर्वश्रेष्ठ विभूति है, क्योंकि ...

- उसीने आज की दुनिया को बनाया है ।
- उसी के पास सबसे अधिक अनुभव होते हैं ।
- संसार के श्रेष्ठ ग्रंथ धुमक्कडों ने ही लिखे हैं ।

(२) निम्नलिखित विभाग 'अ' में पाठों के नाम दिये गये हैं और विभाग 'ब' में संबंधित लेखकों के नाम दिये गये हैं । पाठ का नाम लिखकर उसके सामने सही लेखक का नाम लिखिए । २)

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१. अपना-पराया	१. सतीशकुमार
२. विनोबाजी से मुलाकात	२. प्रेमचंद
	३. यशपाल
	४. जैनेन्द्रकुमार

(३) निम्नलिखित विभाग 'अ' में पात्रों के नाम दिये गये हैं और विभाग 'ब' में पात्रों की उक्तियाँ दी गई हैं । सही पात्र का नाम लिखकर उसके सामने उक्ति लिखिए । (२)

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१. मानिकचन्द	१. सेफ की चाबी जिन्दगी की चाबी है ।
मदन	
डॉ. जयलाल	
३. पहरेदार	२. क्या इस दुनिया में ईश्वर है ।
अनाथ बालक	
बुढिया	

(ब) निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर उसके संबंध में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए । (७)

हमारे पूर्वजों ने स्त्री को धार्मिक कार्यों में अग्र स्थान दिया है और उसकी बडी प्रशंसा की है । वे मानते थे कि जिस घर में विदुषी नारी होती है, वहां के नर-नारी सद्‌गुणों से विभूषित हो जाते हैं । इसीलिए 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:'' अर्थात जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं । स्त्री तो घर की रानी है । उसका प्रभाव बच्चों पर सबसे ज्यादा होता है । बचपन में बालकों पर गहरे संस्कार पडते हैं, वे हंमेशा के लिए रह जाते हैं । इस प्रकार स्त्री ही दुनिया में बडे-बडे महापुरुष पैदा करती है । मानवसमाज की उन्नति में उसका जितना हाथ है, उतना किसी और का नहीं है । उसकी प्रेरणा से संसार में मनुष्यरत्न पैदा होते हैं और मानव समाज को उन्नति के पथ पर ले जाते हैं ।

प्रश्न :

१. हमारे पूर्वजों ने स्त्री को क्या महत्व दिया है ?
२. मनु ने नारी की महत्ता को किस उँचाई तक पहुँचाया है ?
३. बालकों के जीवन-निर्माण में स्त्री का क्या योगदान होता है ?
४. मानव समाज की उन्नति में नारी का क्या योगदान है ?
५. मानव समाज की उन्नति के पथ पर कौन ले जाता है ?
६. इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए ।

(क) निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर अपनी मातृभाषा में अनुवाद कीजिए । (८)

शास्त्रों में जिज्ञासा ऐसी चीज के लिए होनी बतलाई गई है, जो कि श्रेष्ठ हो तथा व्यक्ति और समाज के लिए परम हितकारी हो । व्यासने अपने शास्त्र में ब्रह्म को सर्वश्रेष्ठ मानकर उसे जिज्ञासा का विषय बनाया । व्यास शिष्य जैमिनीने धर्म को श्रेष्ठ माना । पुराने ऋषियों में मतभेद रखना हमारे लिए पाप की वस्तु नहीं है, आखिर छह शास्त्रों के रचयिता छह आस्तिक ऋषियों में भी आघों ने ब्रह्म को धता बता दिया है । मेरी समझ में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वस्तु है धुमक्कडी । धुमक्कड से बढकर व्यक्ति और समाज का कोई हितकारी नहीं हो सकता ।

F F F F F